तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025

13 डीएसपी के पद पर चयनित हितेंद्र का सदभावना...



14 सशिमं में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल...





## खबर संक्षेप

### प्लेन व महुआ शराब जब्त एक आरोपी पर कार्रवाई

**महासमुंद।** मुनगासेर पड़ाव रोड किनारे पटेवा पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन व महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मुनगासेर पड़ाव रोड किनारे ग्राम मुनगासेर के पास आरोपी भूपेंद्र उर्फ साहिल बंजारे पिता खेमू बंजारे (19 वर्ष) निवासी ग्राम पारागांव थाना आरंग जिला रायपुर के कब्जे से 60 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमत करीबन 4800 रुपए और 5 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब एवं दो अलग-अलग एक-एक लीटर वाली पानी बाटल में करीबन 01-01 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कीमत करीबन 2100 कुल कीमत कीमत 6900 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### प्लांट कर्मचारी से लूटपाट अज्ञात के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** प्लांट कर्मचारी के साथ लूटपाट के मामले में तुमगांव थाने में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी सुरेश कुमार शाह पिता शत्रुघन शाह (25 वर्ष) ग्राम चकाजी नरपलिया थाना मांझी जिला सारन (छपरा) बिहार ने बताया कि वह करणी कृपा प्लांट में मैकेनिकल फिटर का काम करता है। 23 नवंबर को वह सामान और सब्जी लेने के लिए तुमगांव मार्केट आया हुआ था, जहां से सामान खरीदकर वापस प्लांट जा रहा था कि रास्ते में अमन ढाबा के आगे लगभग 6.40 बजे शाम को तीन लड़के इग्नाईटर मोटर सायकल में आए और उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे और मोबाइल व 800 रुपए को लूट लिया। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गये। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(6), 309(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चखना सेंटर में पानी पाउच को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** चखना सेंटर में पानी पाउच को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेश साहू निवासी ग्राम शिकारी-पाली ने बताया कि वह 24 नवंबर को करीब शाम 6 बजे शराब लेने के लिए अपने नौकर झड़ीराम साहू के साथ शराब भट्ठी तेंदूकोना गया था। शराब लेने के बाद चखना सेंटर में चखना एवं डिस्पोजल ले रहा था, इसी दौरान वहां काम करने वाले एक लड़के के द्वारा उसे पानी पाउच भी लिए हो कहा गया। इस पर उसने कहा कि पानी पाउच नहीं लिया हूं। यह कहने पर उक्त लड़का गाली गलौज करते हुए उग्र होकर मारपीट करने लगा। आरोपी लड़के का नाम थानेश्वर यादव उर्फ राहुल यादव होना बताया।

## खेल प्रेमियों और नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# नगर पंचायत को हैंडओवर हो इंडोर और आउटडोर स्टेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्थानीय खेल प्रेमियों और नागरिकों ने कसडोल के इंडोर एवं आउटडोर स्टेडियम को नगर पंचायत को हैंडओवर करने की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कसडोल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि लगभग 5.50 करोड़ की लागत से निर्मित यह स्टेडियम पिछले 7–8 वर्षों से उपयोग और देखरेख के अभाव में जर्जर होता जा रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि मैदान उबड़-खाबड़ है और समतलीकरण नहीं हुआ है। सफाई, सुरक्षा व पानी की व्यवस्था नहीं है। रात में लाइटिंग की कोई सुविधा नहीं है। वहां फैली अव्यवस्था के कारण शहर के मवेशी भी मैदान में घूमते रहते हैं, जिससे मैदान व निर्मित भवनों को नुकसान पहुंच रहा है। इन परिस्थितियों के कारण खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने में भारी कठिनाई हो रही है और समस्या वर्षों से बनी हुई है।खिलाड़ियों ने मांग की कि स्टेडियम का निरीक्षण कर उसे नगर पंचायत को हस्तांतरित किया जाए, जिससे नगर पंचायत इसकी देखरेख, सुरक्षा और विकास का कार्य व्यवस्थित रूप से कर सके। इससे कसडोल के खिलाड़ियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पूर्ण सुविधाओं ▶▶ शेष पेज 13 पर









**करोड़ों की लागत से निर्मित स्टेडियम देखरेख के अभाव हो रहा जर्जर**

खिलाड़ियों ने बताया कि स्टेडियम कसडोल क्षेत्र के खेल प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं, लेकिन वर्तमान में सुरक्षा, रखरखाव और प्रकाश व्यवस्था के अभाव में मैदान की स्थिति खराब है। स्टेडियम के पास स्थित छात्रावासों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित कसडोल नगर के युवाओं को अभ्यास के लिए उपयुक्त व्यवस्था नहीं मिल पा रही है।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर सिमगा क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो बाइक चालकों की घटनास्थल और अस्पताल पहुंचने के दौरान मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहली दुर्घटना में कुलेश्वर सिंह कंवर 47 वर्ष निवासी शुक्लाभाटा, थाना मगरलोड, जिला धमतरी की मौत हो गई। कुलेश्वर सिंह कंवर ग्राम बनसाकरा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ थे। बताया गया है कि वह दोपहर लगभग 1 बजे भोजन अवकाश के दौरान अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएल 4945 से अपने बच्चों को स्कूल की छुट्टी होने पर सिमगा से घर लाने के लिए आ रहे थे। बनसाकरा जंगल के पास, उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी 28 ए 2658 से टकरा गई। टक्कर के कारण कुलेश्वर सिंह कंवर को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पहले मामले में दूसरी बाइक की जानकारी जुटाई जा रही है, जबकि दूसरे मामले में अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### मित्र से मिलने जा रहे थे वाहन की ठोकर से मौत

वहीं दूसरी दुर्घटना में गज्जू कौशल निवासी ग्राम करही, थाना सरगांव, जिला मुंगेली की मौत हो गई। गज्जू कौशल अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 10 बीएक्स 4477 से अपने ससुराल बेमेतरा में एक पारिवारिक कार्यक्रम निपटाकर वापस आ रहे थे। वापस आते समय वह ग्राम कामता में अपने एक मित्र से मिलने जा रहे थे। बेमेतरा ओवर ब्रिज को पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। ठोकर इतनी भीषण थी कि गज्जू कौशल की मौके पर ही मौत हो गई।

## पौधारोपण, सांस्कृतिक और प्रतिभा सम्मान कल



**लवन।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में 27 नवंबर को दोपहर 12 बजे से पौधारोपण सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तकनीकी शिक्षा कौशल विकास रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग मंत्री गुरु खुशवंत साहेब होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कसडोल विधायक संदीप साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल चौहान, जिला पंचायत सभापति इंदु जांगड़े, अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ पीएम श्री स्कूल जवाहर ▶▶ शेष पेज 13 पर

# एसआईआर गणना पत्रक डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाएं जिम्मेदार अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



### कलेक्टर ने समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा में दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 दिसम्बर तक गणना पत्रक सम्बंधित कार्य पूर्ण करना है। तय समय पर कार्य पूरा करने हेतु शून्य से 20 प्रतिशत डिजिटाजेशन करने वाले बीएलओ को चिन्हित कर उसकी समस्या का समाधान करें, सहयोगी की जरूरत हो वहां सहयोगी भी लगाएं। इसी तरह 20 से 30 प्रतिशत वाले बीएलओ की भी बैठक लेकर फॉर्म संकलन एवं डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गणना पत्रकों का संकलन एवं डिजिटइजेशन कार्य में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा नवंबर से शुरू हुए समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की भौतिक सत्यापन संयुक्त टीम जांच द्वारा की जा और अवैध धान मिलने पर उसे जब्त कर विक्रेता को ही सुपुर्द न कर अन्य स्थान पर भंडारित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी कार्य में तैनात पटवारी व आरएइओ को यथावत रखने तथा आहरण संवितरण का कार्य एवं प्रतिदिन का लेखा कार्य को देखने कहा। इसी तरह चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को अलर्ट रहने एवं अवैध धान परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए एक साल, दो साल और 5 साल तक लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। तहसील और एसडीएम को नियमित कोर्ट लेने कहा। इसके साथ ही लोक सेवा गारंटी, सीपीग्राम्स, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन शिकायत शाखा से सम्बंधित लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये।बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## धान खरीदी पर विधायक और कार्यकर्ताओं से की चर्चा

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक का सिमगा में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



बेमेतरा से बलौदाबाजार प्रवास के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का सिमगा स्थित जय स्तंभ चौक में विधायक इन्द्र साव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत पश्चात श्री बैज ने विधायक इन्द्र साव एवं उपस्थित पदाधिकारियों से एसआईआर की वर्तमान स्थिति, उसके क्रियान्वयन, ग्रामीण स्तर पर संगठन की सक्रियता तथा ब्लॉक स्तर पर चल रही राजनीतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह भी पूछा कि एसआईआर के लाभ आम नागरिकों तक कितनी प्रभावी रूप से पहुंच रहे हैं और कार्यकर्ताओं ने अब तक किस प्रकार जनसमस्याओं को चिन्हित कर समाधान हेतु प्रयास किए हैं। इसी क्रम में उन्होंने धान खरीदी की वास्तविक स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने पूछा कि सोसायटियों में टोकन कटवाने में किसानों को क्या क्या दिक्कतें आ रही हैं। मशीनों व कर्मचारियों की उपलब्धता कैसी है। खरीदी केंद्रों की तैयारी कितनी संतोषजनक है तथा किसानों को समय पर मदद पहुंचाने के लिए संगठन की क्या भूमिका हो सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसान हमारी प्राथमिकता हैं, इसलिए सोसायटियों में जाकर टोकन कटवाने तथा खरीदी प्रक्रिया में किसानों को हर संभव सहयोग देना हमारी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, दिवाकर मिश्रा, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, सत्यजीत शेंडे, पार्षद याकूब कुरैशी, परदेशी सोनकर, गोलू पाटकर, किसान नेता अय्यूब खान, वरिष्ठ कांग्रेसी दीनबंधु शर्मा, मनीष जैन, रविशंकर सोनकर, कोमल ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि




## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्याश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# वापस नहीं हुई एनएचएम कर्मियों की बर्खास्तगी, वादे पर दो महीने पहले खत्म हुई थी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासन स्तर पर मिले आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म करने वाले एनएचएम कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा उन कर्मचारियों की नौकरी पर वापसी नहीं हुई है, जिन्हें उस दौरान बर्खास्त किया गया था। इस मामले में कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल कई बार मंत्री और अफसरों के चक्कर लगा चुका है। आश्वासन के अलावा ठोस पहल नहीं किए जाने की वजह से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर महीनेभर हड़ताल की थी। स्वास्थ्य सेवा पर इसके पड़ते असर को देखते हुए शासन द्वारा उनकी कई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इनमें 5 प्रतिशत की वेतन वृद्धि और आंदोलन का नेतृत्व करने वाले बर्खास्त कर्मचारियों की वापसी प्रमुख थी। हड़ताल समाप्त हुए दो माह से अधिक का वक्त बीत चुका है, मगर अब तक प्रमुख मांगें पूरी नहीं हुई है। कर्मचारी नेताओं के मुताबिक प्रदेश अध्यक्ष सहित जिन 25 लोगों को अब तक सेवा में वापस नहीं लिया गया है। इस मामले में जिम्मेदारों से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल को कार्यवाही पूरी करने का आश्वासन दिया गया है। दूसरी ओर इन कर्मचारियों के वेतन में 5 फीसदी की बढ़ोतरी तो नहीं हुई है उल्टे उन्हें पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। सितंबर में जब वे काम पर वापस लौटे तो केवल एक सप्ताह की तनख्वाह दी गई थी। इन मामलों को लेकर कर्मचारियों में एक बार फिर नाराजगी बढ़ रही है।

## वेतन नहीं मिलने की समस्या भी बनी हुई, कर्मचारियों में बढ़ रही नाराजगी


मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

बर्खास्तगी के अल्टीमेटम के बाद हेल्थ के संविदा कर्मचारियों ने तोड़ी महीनेभर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा बर्खास्तगी का अल्टीमेटम देने के बाद महीनेभर से चल रही हड़ताल स्थगित कर दी गई। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा नौकरी पर नहीं लौटने पर सोमवार से नयी भर्ती किए जाने दोपहर दिए गए बयान के बाद शाम को हड़ताली कर्मचारियों ने उनसे और मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। हड़ताल की वजह से प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था महीनेभर से प्रभावित हो रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 10 में से 4 मांगें पूरी की जा चुकी हैं 3 पर कमेटी बनाई गई है और 3 पर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अपने शंकरनगर स्थित निवास में शुक्रवार को दोपहर पत्रकारों को बताया था कि एनएचएम के संविदा कर्मचारियों ▶▶| शेष पेज 7 पर

सीएम ने फैसले को सराहा

सीएम विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और हड़ताल खत्म करने की जानकारी दी। सीएम ने कहा, सरकार हर कर्मचारी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है और उनकी जायज मांगों के प्रति सदैव संवेदनशील रही है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दिवाली में रहे खाली हाथ

एनएनएम के संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डा. अमित मिरी और प्रवक्ता पूरन दास ने बताया कि कर्मचारियों को दिवाली के दौरान भी खाली हाथ रहना पड़ गया था, क्योंकि उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हुआ था। अभी भी किए जा रहे टालमटोल की वजह से कर्मचारियों में नाराजगी है। मांगों को पूरा करने उन्हें ठोस आश्वासन तो मिल रहा है, मगर मांग पूरी नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### नहीं रखा डस्टबिन 6 दुकानदारों पर लगाया 1200 रुपए जुर्माना




**रायपुर।** नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जोन टीम ने 6 दुकानदारों से 1200 रुपए का जुर्माना वसूला। चेतावनी दिए जाने के बाद भी इन दुकानदारों द्वारा अपने दुकान में कचरे का डिब्बा नहीं रखा गया था। इस कारण इन पर यह कार्रवाई हुई। दुकानदारों सहित विभिन्न 21 स्थानों पर व्यक्तियों और संस्थाओं को गंदगी का कारण पाए जाने पर 12,200 रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस तरह कुल 13400 रुपए का जुर्माना संबंधितों को भविष्य के लिए समझाइश देते हुए वसूला गया। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.तृप्ति पाणीग्रही के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी भी उपस्थिति रहे। अधिकारियों ने कहा, डस्टबिन नहीं रखे जाने पर जुर्माने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**हेल्पलाइन में शिकायत, ढकी गई नाली :** वहीं निगम ने प्राप्त जन शिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टेडियम से बैजनाथपारा होकर मालवीय रोड जाने वाले मुख्य बायपास मार्ग में मार्ग के किनारे खुली बड़ी नाली को ढका गया। नागरिकों ने इसे लेकर शिकायत की थी कि आवागमन के दौरान दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई बार बड़ा हादसा होते-होते रह गया है। प्राप्त शिकायत के आधार पर इसे तत्काल ढक कर आवागमन के लिए आमजनों के लिए सुरक्षित किया गया।

### बीपीटी की 13 सीटें खाली नए आवेदन मंगाए गए

**रायपुर।** राज्य में संचालित एक शासकीय और एक निजी फिजियोथैरेपी कालेज में मॉपअप राउंड के बाद 13 सीटें खाली है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा स्ट्रे वेकैंसी राउंड का आयोजन करने के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन मंगाया गया है। ऑनलाइन आवेदन के साथ च्वाइस फीलिंग के लिए 25 से 27 नवंबर तक की तारीख तय की गई है। खाली सीटों में चार शासकीय और बाकी 9 निजी कालेज से संबंधित है। बीपीटी की प्रवेश प्रक्रिया नीट के माध्यम से की जाती है।

### मेडिकल कालेज में खेलकूद का आयोजन

**रायपुर।** सभी सरकारी एवं प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय मेडिकल द्वारा इंटर-कालेज मेडिकल फेस्ट 2026 का आयोजन किया जाएगा। यह फेस्ट शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं अन्य विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा एवं सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किया जा रहा है। कालेज प्रबंधन द्वारा इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम तिथियाँ एवं नियमावली शीघ्र जारी की जाएगी।

## बिल्डरों ने जारी अधिसूचना को अवैध तथा जनविरोधी बताया

# जमीन की नई गाइडलाइन दर को लेकर विरोध प्रदर्शन करने बिल्डर पहुंचे रजिस्ट्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जमीन की नई गाइड लाइन दर को लेकर राजधानी सहित प्रदेश के बिल्डर विरोध में उतर गए हैं। बिल्डरों के सबसे बड़े एसोसिएशन छत्तीसगढ़ क्रेडाई संघ तथा अन्य बिल्डरों ने रायपुर सहित राज्य के अलग-अलग शहरों में सोमवार को प्रदर्शन किया। राजधानी में बिल्डर तथा ब्रोकर ने रजिस्ट्री कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ क्रेडाई का दावा है कि नई गाइड लाइन जारी होने के बाद रायपुर में कई जगहों पर जमीन की सरकारी कीमत मार्केट रेट से कई गुना ज्यादा हो गई है। ब्रोकरों का कहना है कि लोग जितनी कीमत में जमीन नहीं खरीदेंगे, उससे कहीं ज्यादा कीमत के आधार पर रजिस्ट्री शुल्क देंगे। इसका असर रियल एस्टेट के कारोबार पर भी पड़ेगा। क्रेडाई का कहना है कि नई गाइडलाइन में कई बदलाव स्वागत योग्य है। पहले 1500 से ज्यादा जगहों को आधार मानकर गाइड लाइन तय की जाती थी, लेकिन अब इनकी संख्या घटकर 700 के ही आसपास रह गई है।




### बिल्डरों की प्रमुख मांग यह है

बिल्डर तथा जमीन खरीदी बिक्री के कार्य में लगे ब्रोकर के अनुसार गैर पारिवारिक लोगों की ओर से जमीन खरीदे जाने की स्थिति में प्रत्येक खरीदार के अंश के आधार पर गणना की जाए। जमीन की बिक्री केवल रकबे के आधार पर होती है, खरीदारों की संख्या के आधार पर मूल्य तय करने से जमीन का गाइड लाइन मूल्य वास्तविक मूल्य से कई गुना बढ़ गया है, इसे ठीक करना होगा। पंजीयन शुल्क को 4 प्रतिशत ही रखना होगा। अभी बहुमंजिला भवनों में ऊपर की मंजिलों पर कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में दी जाने वाली छूट खत्म कर दी गई है। बिल्डरों ने इस छूट को फिर से दिए जाने की मांग की है। बिल्डरों के अनुसार कलेक्टर गाइड लाइन में 30% छूट को पहले ही खत्म कर दिया गया है।

### पूर्व का पंजीयन शुल्क लागू करने की मांग

बिल्डरों के अनुसार नए रेट लागू हो गए हैं, इसलिए गाइड लाइन में छूट के पहले लगने वाले पंजीयन शुल्क की दर 0.8% को वर्तमान में लागू किया जाना चाहिए। यह दर भी वर्तमान की तरह संपत्ति के गाइड लाइन मूल्य तक ही लगनी चाहिए। गाइड लाइन से अधिक दरों पर पंजीयन कराने वालों के लिए यह काम नहीं करेगा। छत्तीसगढ़ में व्यावसायिक और आवासीय इमारतों में ऊपर के फ्लोर का बिक्री मूल्य कम होता है। इसीलिए पहले की तरह ही सेकेंड फ्लोर एवं उसके ऊपर की मंजिलों पर मिलनी वाली छूट को यथावत रखा जाए। जिन जगहों पर सरकारी कीमत बाजार रेट से ज्यादा हो गई है, वहां फिर से जांच करवाकर नए रेट लागू करने बिल्डरों ने मांग की है।

### बिल्डरों ने शासन से यह भी मांग की

बिल्डरों ने शासन से राहत देने जो मांग की है वह इस प्रकार से है-

- गाइडलाइन दर बढ़ोतरी वापस हो- बिल्डरों ने 11 नवंबर 2025 को जारी अधिसूचना में की गई वृद्धि को अवैध और जनविरोधी बताया है।
- समान दर लागू की जाए - बिल्डरों ने हर प्रकार की भूमि पर समान प्रति वर्गमीटर मूल्य तय करने मांग की है।
- वार्षिक वृद्धि (0.30% और 0.60%) का विरोध करते हुए बिल्डर गाइडलाइन रेट में हर वर्ष 0.30% और 0.60% जो बढ़ोतरी तय है, उसे अनुचित बताया है।
- जनता पर बोझ बढ़ेगा बिल्डरों के अनुसार नई दरों से दोनों क्षेत्रों के लोगों पर भारी आर्थिक दबाव पड़ेगा, जबकि सुविधाएं पहले से सीमित है।
- शुल्क वृद्धि रद्द की जाए स्टांप शुल्क और पंजीयन शुल्क में जो वृद्धि की गई है, बिल्डरों ने उसे रद्द करने की मांग की है। बिल्डरों के अनुसार 19 नवंबर 2025 से लागू नई दरें वास्तविक बाजार स्थिति से मेल नहीं खातीं।

# लिखित परीक्षा के जरिए भरे जाएंगे नवोदय और केंद्रीय विद्यालय के पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा तिथि का ऐलान कर दिया है। इस भर्ती के तहत कुल 14,967 रिक्तियों को भरने का उद्देश्य है। भर्ती प्रक्रिया का पहला चरण, यानी टियर 1 परीक्षा, जनवरी 2026 में आयोजित की जाएगी। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार सीबीएसई, नवोदय विद्यालय अथवा केंद्रीय विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट उपलब्ध आवेदन लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

- तीन वेबसाइट के जरिए 4 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

आवेदन करने और फीस भुगतान की अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई है। इस भर्ती का लक्ष्य केवीएस में 9126 और एनवीएस में कुल 5841 पदों को भरना है। सहायक आयुक्त के 17, प्रधानाचार्य के 227, उप प्राचार्य के 58, स्नातकोत्तर शिक्षक के 2978, पीजीटी के 1, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के 5772, तृतीय भाषा शिक्षक के 443, लाइब्रेरियन के 147, प्राथमिक शिक्षक के 3365 सहित 1931 पद गैर शैक्षणिक स्टाफ के हैं। इनमें छग के केंद्रीय विद्यालयों में रिक्त पद भी शामिल हैं।



### जनवरी में होगी परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति में शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भर्ती अधिसूचना के अनुसार, टियर-1 परीक्षा 10 और 11 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्र, आवंटित परीक्षा शहर, परीक्षा कार्यक्रम और टियर-1 के प्रवेश पत्र की जानकारी उम्मीदवारों के ऑनलाइन लॉगिन में समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। बोर्ड ने कहा है कि, उम्मीदवार परीक्षा से जुड़ी ताजा जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट देखते रहें। चुनाव प्रक्रिया में उम्मीदवारों का चयन कई चरणों में किया जाएगा, जिसमें लिखित परीक्षा (टियर-1), कुछ पदों के लिए कौशल परीक्षण, दस्तावेज सत्यापन और चिकित्सा परीक्षा शामिल हैं। सभी पदों के लिए आवश्यकता अहर्ता संबंधित जानकारी वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# सत्य साईं हॉस्पिटल में मनाया गया 'बाबा' का जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

श्री सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मदिवस नवा रायपुर के श्री सत्यसाईं संजीवनी हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सौ किलो का केक भी काटा गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह शामिल हुए और अस्पताल में सर्जरी के बाद स्वस्थ हुए बच्चों को प्रमाणपत्र भी वितरित किया।

- 100वें जन्मदिन पर काटा गया सौ किलो का केक, दिनभर कई आयोजन

जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में स्वस्थ होने वाले बच्चों के साथ अस्पताल के कर्मचारियों और शुभचिंतकों ने भी इसमें भाग लिया। अस्पताल और ' सौभाग्यम ' को फूलों, गुब्बारों और विशाल रंगोलियों से सजाया गया था।

दिनभर चलने वाले कार्यक्रम में दौरान भजन गाते परिक्रमा, जन्मोत्सव गीत, शोभायात्रा के साथ विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी आयोजित हवन में शामिल हुए और बाबा की महामंगल आरती की। इस दौरान वरिष्ठ रोटेरियन रंजीत सैनी, वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम अग्रवाल, डॉ. रागिनी पांडे और डॉ. योगेश साठे उपस्थित थे। स्वरांजलि समूह के सदस्यों के शानदार साई भजनों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया और विस अध्यक्ष ने गायक एल. नितेश कुमार और समूह के संगतकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल की स्थापना के समय से ही अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास के साथ अपने जुड़ाव को दोहराया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का नाम और प्रसिद्धि श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल के नाम से हुई। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, बिहार और छत्तीसगढ़ के 10 मरीजों को प्रमाणपत्र और उपहार प्रदान किए।





### लेजर शो के साथ आतिशबाजी

कार्यक्रम का समापन शानदार लेज़र शो और आतिशबाजी के साथ हुआ। इसके पूर्व श्री सत्य साई इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड एलाइड हेल्थ केयर साइंसेज छात्रों तथा महिला सेवादल के सदस्यों ने श्रमिक बस्ती के 77 परिवारों के 202 सदस्यों को भोजन और वस्त्र वितरित किए। शाम के कार्यक्रम की शुरुआत भजन और विश्व प्रार्थना से हुई। सौभाग्यम को मिट्टी के दीपों से प्रज्ज्वलित किया गया ।

# एसआईआर की जिले में बढ़ाई जाए अंतिम तिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश के 12 राज्यो में निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया करवाई जा रही है। उन राज्यों की कड़ी में छत्तीसगढ़ भी शामिल है, जहां एसआईआर सर्वे किया जा रहा है। रायपुर से सटे बिरगांव में शामिल 6 गांवों को मिलाकर निगम बनाया गया है। वर्ष 2014 में इसको निगम का दर्जा दिया गया। वर्तमान में यहां की आबादी लगभग दो लाख है। बिरगांव निगम से उरला औद्योगिक क्षेत्र जुड़ा है। इसमें क्षेत्र के अधिकतर लोग उद्योगों में मजदूरी करने जाते हैं। मजदूरी करने के कारण निर्वाचन आयोग द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं।

- सर्वे में छूट रहे फैक्ट्रियों में काम करने वाले लोग
- बिरगांव निगम के एमआईसी मेंबर ने निर्वाचन आयोग से की मांग

बिरगांव निगम के एमआईसी सदस्य इकराम अहमद ने बताया कि फैक्टरी प्रबंधक द्वारा कर्मचारियों को छुट्टी नहीं दी जा रही है। इससे निर्वाचन आयोग द्वारा करवाए जा रहे एसआईआर के लिए बहुत कम समय मिल रहा है। इस कारण निर्वाचन का काम कर रहे बीएलओ भी मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिल रही है कि एसआईआर का काम करने वाले 17 बीएलओ की मानसिक तनाव के कारण ड्यूटी के दौरान आत्महत्या और हार्टअटैक से मृत्यु हुई है। इन दुखद घटनाओं पर निर्वाचन आयोग को मृतकों के आश्रितों को कम से कम 50 लाख का मुआवजा देना चाहिए। साथ ही एसआईआर की अंतिम तिथि 4 दिसंबर को बढ़ाकर कम से कम 15 जनवरी 2026 करना चाहिए, ताकि सभी मतदाता अपना एसआईआर करवा सकें।




### चौपाटी बनाने में अधिकारियों की लापरवाही डिप्टी सीएम से पूर्व महापौर ने की शिकायत

**रायपुर।** निगम क्षेत्र में हाल ही में चौपाटी संचालकों को अचानक नोटिस जारी करके निर्धारित समय में दुकानों को हटाने का निर्देश देते हुए की गई कार्रवाई अब तूल पकड़ने लगी है। मामले को लेकर पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने कई गंभीर बिंदुओं को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव से ज्ञापन के माध्यम से शिकायत की है। उन्होंने अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चौपाटी का डिज़ाइन, ड्रॉइंग और अनुमोदन करवाने का तर्क दिया। सवाल उठाया है कि अगर संरचना अवैध थी, तो डिज़ाइन की स्वीकृति किस आधार पर दी गई। निर्माण और संचालन वर्षों तक बिना आपत्ति कैसे चलता रहा। रायपुर निगम के पूर्व महापौर श्री ढेबर ने मामले को लेकर कहा कि यह कार्रवाई क्षेत्रीय विधायक के राजनीतिक दबाव का परिणाम है। इससे चौपाटी में दुकान चलाने वालों के सामने रोज़ी-रोटी का संकट पैदा कर दिया है। यह भी आरोप लगाया कि स्कूल-कॉलेज की आड़ में कार्रवाई की जा रही है, जबकि बूढ़ापारा की चौपाटी के पास भी गर्ल्स स्कूल और शिक्षण संस्थान होने के बाद भी वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में सीएम साय ने छत्तीसगढ़ पवेलियन का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज छत्तीसगढ़ पवेलियन आकर्षण का केंद्र बना रहा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के पवेलियन का भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पवेलियन में प्रदर्शित उत्पादों और नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ वैश्विक व्यापार मंचों पर लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला, हस्तशिल्प, वनोपज आधारित उत्पाद और पारंपरिक कला वैश्विक बाजार में अपनी विशेष पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश-विदेश के खरीदारों के बीच छत्तीसगढ़ी उत्पादों की बढ़ती मांग स्थानीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और हमारे कारीगरों के सम्मान को नई दिशा दे रही है। यह 'आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' के हमारे संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने पवेलियन में प्रदर्शित कोसा सिल्क, धातु-शिल्प, ढोकरा कला, प्राकृतिक वन-आधारित उत्पाद, मिलेट-आधारित फूड प्रोडक्ट्स और सूक्ष्म उद्यमों के अभिनव मॉडल की सराहना की। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कमलेश जांगड़े एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे।



## प्राध्यापकों के लिए जरूरी होगा कम से कम 8 वर्ष का अनुभव

# विवि भेजेंगे प्रोफेसर्स की लिस्ट, ये सिखाएंगे स्कूली शिक्षकों को पढ़ाई के नए तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने उच्च शिक्षा संस्थानों को एक नई एडवाइजरी जारी की है, जिसमें उनसे अनुरोध किया गया है कि वे अपने संस्थान के ऐसे अनुभवी प्राध्यापकों की पहचान करें और नामांकन भेजें जो नेशनल मिशन फॉर मेंटरिंग (एनएमएम) के तहत मेंटर की भूमिका निभा सकें। यह कदम शिक्षा मंत्रालय द्वारा देशभर में मेंटरिंग व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास के तहत उठाया गया है, ताकि विश्वविद्यालयों के अनुभवी प्राध्यापक स्कूल शिक्षकों को औपचारिक ढंग से मार्गदर्शन दे सकें।

नोटिफिकेशन के अनुसार, ऐसे प्रोफेसर जिनके पास कम से कम आठ वर्ष का शिक्षण अनुभव है, उन्हें नेशनल मेंटर के रूप में शामिल किया जा सकता है। चुने गए मेंटर एनसीटीई (नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन) द्वारा संचालित एनएमएम पोर्टल के माध्यम से व्यक्तिगत और समूह आधारित मेंटरिंग सत्र आयोजित करेंगे। संस्थानों से कहा गया है कि वे जल्द से जल्द पात्र शिक्षकों के नामांकन भेजें।




### इन विषयों की देगी जानकारी

नेशनल मेंटर के रूप में चयनित प्रोफेसर आधुनिक शिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। इनमें शैक्षणिक कंटेंट, बुनियादी साक्षरता और संख्यान कौशल, डिजिटल शिक्षा साक्षरता, कुशलता आधारित शिक्षा, समावेशी शिक्षा, कक्षा प्रबंधन, 21वीं सदी के कौशल, एक्शन रिसर्च, समग्र मूल्यांकन जैसे बिंदु शामिल हैं। इस मिशन का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को आधुनिक बनाना और शिक्षकों को नई शिक्षा पद्धतियों के अनुरूप तैयार करना है। यूजीसी की इस नई सलाह के बाद अब विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को ऐसे शिक्षकों की पहचान करनी होगी जो मेंटरिंग की भूमिका निभा सकें। उनकी सक्रिय भागीदारी से ही यह मिशन व्यापक स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू हो सकेगा।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
21 नवम्बर 2025
SHOW TIME
मस्ती 4
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
दे दे प्यार दे 2
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# लिंग आधारित हिंसा समाप्ति के लिए गांव-गांव में चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों पर विस्तृत जानकारी

कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत ग्राम पंचायत पहंदा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों एवं उनके हितों के प्रति जागरूकता बढ़ाने जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न एवं घरेलू हिंसा की रोकथाम, महिला उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत के बारे में जागरूकता, सोशल मीडिया पर पोस्ट, इंफोग्राफिक्स के माध्यम से पास्को डीवि एक्ट एवं विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम पहंदा सरपंच बुधेश कोसले, सचिव एएस लहरे, पर्यवेक्षकगिरिजा वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं हितग्राही उपस्थित थे।

## कलेक्टर एवं जिला अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम




### कानूनी अधकारों पर डाला प्रकाश

जिला महिला संरक्षण अधिकारी मंजू तिवारी एवं जिला मिशन समन्वय प्रीति नवरत्न ने महिलाओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिंक हिंसा के बारे में जानकारी दी गई, ऐसे मामलों में मिलने वाली कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाली।

## बैठक में आवेदनों पर तेजी से कार्यवाही के लिए वेंडर-बैंकर मीटिंग आयोजित करने निर्देश

# सोलर पैनल स्थापना में कमजोर प्रदर्शन पर कलेक्टर नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर ने की पीएम सूर्य घर योजना की प्रगति की समीक्षा




कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को सीएसपीडीसीएल एवं वेंडरों की बैठक लेकर जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने डिवीजन एवं सब डिवीजन लेवल पर निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध सोलर पैनल स्थापना में कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय- सीमा में लक्ष्य पूरा करने मॉनिटरिंग एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। स्थिति बेहतर बनाने सबका सहयोग जरूरी है। प्रशासन के सहयोग के साथ ही वेंडरों को भी तत्परता से कार्य करने की आवश्यकता है। वेंडरों के कार्य मॉनिटरिंग के लिये कलर कोड सिस्टम बनाएं, जिसमें बेहतर निष्पादन के लिए हरा, संतोषजनक के लिए पीला एवं औसत के लिए लाल रंग रखें। अच्छा काम करने वाले वेंडरों को प्रोत्साहित करें और हितग्राही को भी बताएं ताकि उस वेंडर का चयन करे। वेंडरों को किसी प्रकार की समस्या हो तो सीएसपीडीसीएल के अधिकारी शीघ्र समाधान करें। उन्होंने हितग्राहियों के आवेदनों का बैंक के द्वारा शीघ्र कार्यवाही हेतु वेंडर एवं बैंकरों की हर सप्ताह डिवीजनवार मीटिंग आयोजित करने कहा। वेंडर- बैंकर मीटिंग मंगलवार को भाटापारा, बुधवार को बलौदाबाजार एवं गुरुवार को कसडोल डिवीजन में होगी।बताया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल स्थापना हेतु वर्ष 2025 -26 के लिये जिले को हितग्राही संख्या का लक्ष्य निर्धारित की गयी है। जिले के लक्ष्य को डिवीजनवार बांटा गया है, जिसमें भाटापारा में लक्ष्य 5160, आवेदन प्राप्त 2535 स्थापित 331, बलौदाबाजार में लक्ष्य 4500, प्राप्त आवेदन 4113, स्थापित 100, कसडोल में लक्ष्य 2380, प्राप्त आवेदन 1780 स्थापित 150 है।

# राष्ट्रीय एथलेटिक्स में आकांक्षा व करण का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा




- राष्ट्रीय शालेय क्रीडा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे

विकासखंड सिमगा के उत्तर माध्यमिक विद्यालय नवापारा खेलों में अपनी नई पहचान बना रहा है। विद्यालय में राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। इस साल राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के दो खिलाड़ियों का चयन होने से क्षेत्र के खेल प्रेमियों में उत्साह है। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि कक्षा 12वीं के ही दोनों खिलाड़ी आकांक्षा साहू ने बांधा दौड़ और करण बघेल ने लम्बी कूद में जगदलपुर में अक्टूबर माह में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन होकर क्षेत्र में मिसाल बने हैं। दोनों खिलाड़ी हरियाणा के भिवानी में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीडा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो 26 से 30 नवंबर तक आयोजित है। जहां देश भर से हजारों एथलीट अपने दमखम दिखाएंगे। वीरेंद्र पटेल ने इस बारे में बताया कि हर साल विद्यालय से राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल रहे हैं, लेकिन उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यदि विद्यालय में पर्याप्त खेल मैदान रहता तो और भी बहुत से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकलते। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य गणेशराम घीतकर, जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी आदित्य सिंह, वरिष्ठ शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, सरपंच डोमार सिंह मार्कंडेय, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा आदि समस्त जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

# सत्संग के प्रारंभ पर निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्राम पंचायत सेमरिया में समस्त कबीरपंथी ग्रामवासी केडीवी मिशन एवं आमीन माता महिला मंडल द्वारा तीन दिवसीय सत्संग ग्रंथ समारोह का आयोजन 25 नवंबर से किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में शोभा यात्रा निकली गई। आगामी 26 नवंबर को मन्नत आरती पश्चात अतिथि मंडलियों द्वारा सत्संग भजन प्रवचन आयोजित है। 27 नवंबर को प्रातः 9 बजे मनीषा माताजी (दामाखेड़ा) का आगमन एवं शोभा यात्रा सामूहिक चरण बंदगी दर्शन पश्चात सत्संग भजन का प्रयोजन प्रवचन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में ग्रामवासियों का योगदान सराहनीय रहा।

उक्त कार्यक्रम में महंत मोहित दास, गोविंद निषाद, राजा साहू, श्रीमती भुनेश्वरी साहू, श्रीमती ममता साहू, सखाराम निषाद, राजेश निषाद, सुखीराम निषाद, गीता निषाद, राजिम निषाद, आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम–जानकी विवाहोत्सव पर अड़सेना में निकाली गई प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राम–जानकी विवाहोत्सव पर ग्राम अड़सेना में मंगलवार को सुबह प्रभातफेरी निकाली गई। धार्मिक उत्साह और भक्ति-भाव से परिपूर्ण यह प्रभातफेरी पूरे ग्राम में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रभातफेरी में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत अड़सेना के सरपंच तेजराम पाल, दल प्रमुख भोला प्रसाद वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, सुदर्शन वर्मा, बलराम वर्मा, ध्रुव लाल वर्मा, भैया राम वर्मा, अर्जुन पाल, सेवक पाल, बऊवा निषाद और लेखराम निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पूरे गांव में जय-श्रीराम और भजन-कीर्तन की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। ग्रामीणों ने इस आयोजन को राम–जानकी विवाहोत्सव की परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

# हायर सेकंडरी में हर बालिका राष्ट्र की पूंजी पर जन जागरूकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के योजनांतर्गत थीम हर बालिका राष्ट्र की पूंजी का जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

महिला सशक्तिकरण से कौसिल्या सोनवानी द्वारा महिलाओं एवं बच्चों पर होने वाले विभिन्न प्रकार के हिंसा, शारीरिक, मानसिक, भवनात्मक, आर्थिक एवं लैंगिंक हिंसा के बारे में जानकारी दी। ऐसे मामलों में मिलने वाले कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला गया। प्राचार्य की उपस्थिति में बालिकाओं द्वारा भाषण, रंगोली, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महिला सशक्तिरण केन्द्र द्वारा विभागीय योजनाएं जैसे- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्प लाइन 181, सखी वन स्टाप सेंन्टर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पालना, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम 2005 एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में शिक्षक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# सशिमं में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल प्रोग्राम हुआ



**भाटापारा।** किरण इवेंट फ्यूजन वेलफेयर फाउंडेशन के चेयरमैन अरूण छाबड़ा बंटी द्वारा शैक्षणिक उत्थान के लिए सरस्वती शिशु मंदिर और मंयुर क्लब शिशु मंदिर स्कूलों में कैरियर काउंसिल और मोटिवेशनल प्रोग्राम कराया गया। संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाना और अवसर प्रदान करना है। फांउडेशन छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता है।

हर वर्ष आयोजित होने वाले यह कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता है और उन्हें सामाजिक मंच पर पहचान प्रदान करता है साथ में फाउण्डेशन के डा. वीणा साहू, सीमा मल, पूजा देशमुख, दीपिका पांजा ने भी अपने अंदाज में बच्चों को प्रेरित किया और इस कार्यक्रम की सराहना की।

# सेमरियाघाट में श्री सदगुरू कबीर ग्रंथ सत्संग जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 के सेमरियाघाट में श्री सद्गुरु कबीर ग्रंथ सत्संग का तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस जिला पंचायत सभापति जिला राजा जायसवाल ने पहुंचकर पूजा अर्चना की और गुरुओं का आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा समाज में व्याप्त कुरीतियों, भेदभाव को समाप्त करने का सर्वोत्तम मार्ग कबीर पंथ की बताए रास्ता है, जिसमें हम सभी को चलना चाहिए। कबीर पंथ मूल का संदेश सत्य की साधना, सरल जीवन, सेवा और सद्भाव हैं।

इस अवसर पर झालाराम साहू, दतरेंगी सरपंच कमलेश साहू, सुरेश कुमार वर्मा, देवप्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, गांव के वरिष्ठ नागरिक रघुनाथ निषाद, विश्वनाथ निषाद सरपंच प्रतिनिधि रामेश्वर डहरिया, उपसरपंच प्रमोद मोदी, शेषनारायण निषाद व बड़ी संख्या में साधकगण उपस्थित थे।

## आसपास के गांवों की टीमों की रहीं भागीदारी

# कबड्डी स्पर्धा में संयंत्र ने दिया महत्वपूर्ण योगदान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देने हेतु ग्राम हिरमी में जय महामाया कबड्डी दल द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। स्थानीय स्तर पर हुए इस आयोजन ने न केवल युवाओं में उत्साह जगाया, बल्कि समुदाय को एकजुट कर खेल संस्कृति को सशक्त बनाने का अवसर भी प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में अल्ट्राटेक सीएसआर हिरमी ने आवश्यक संसाधन एवं सहयोग उपलब्ध कराते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग से प्रतियोगिता के लिए आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई, जिससे आयोजन को और भी व्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपन्न किया जा सका।प्रतियोगिता में आसपास के गांवों से कई टीमों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया।

खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित किया और पूरे कार्यक्रम में खेल का उत्साह चरम पर बना रहा। दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और अपने पसंदीदा खिलाड़ियों व टीमों का मनोबल बढ़ाया। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला, साथ ही गांव में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने का एक सकारात्मक संदेश भी गया। ग्रामवासियों एवं प्रतिभागियों ने अल्ट्राटेक सीएसआर द्वारा दिए गए सहयोग की सराहना करते हुए इसे युवाओं के विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल बताया।




## खबर संक्षेप

### आईटीआई में हुई एनएसएस का अभिमुखीकरण कार्यशाला



**महासमुंद।** स्थानीय आईटीआई में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) की नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के लिए अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य जीएस साहू ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का श्रेष्ठतम माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार साहू ने प्रशिक्षणार्थियों को एनएसएस के प्रतीक चिह्न एवं उसकी कार्य योजना के बारे में बताया। कार्यशाला में प्रशिक्षण अधिकारी बदरुद्दीन एवं एनएसएस सहायिका प्रशिक्षण अधिकारी कमलेश्वरी ध्रुव द्वारा कैप, बैच एवं डायरी का वितरण किया गया। कार्यशाला का संचालन तोनाक्षी द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला में टीकम, मयंक, नम्रता, मनीषा एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिले में



**महासमुंद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 26 नवंबर को जिला महासमुंद अंतर्गत बसना तहसील के ग्राम सलखंड के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय दोपहर 2:05 बजे ओडिशा बरगढ़ से प्रस्थान कर दोपहर 2:45 बजे बड़ेसाजापाली हेलीपेड पहुंचेगे तथा ग्राम सलखंड में मां महालक्ष्मी देवी मंदिर में दर्शन एवं पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 3:20 बजे वे सलखंड से बड़ेसाजापाली हेलीपेड के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 3:25 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### श्रीफल व शाल से मितानिनों का किया गया सम्मान



**नर्रा।** 23 नवंबर को मितानिन दिवस पर ग्राम पंचायत भवन परकोम में मितानिनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोचन पटेल जनपद सदस्य रहे। अध्यक्षता सरपंच प्रभा पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत छग महतारी की छायाचित्र पर पूजा अर्चन कर किया गया। इसके बाद अतिथियों ने मितानिनों का सम्मान श्रीफल व शाल देकर किया गया। इस दौरान बीआरपी जानकी चतुर्वेदी, परमेश्वर पटेल, सचिव सोनसिंग निषाद, संगीता दीवान, खेमाबाई दीवान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जाम बाई दीवान, उषा ठाकुर, मानकी पटेल, पंच गणेशी ठाकुर, रेखा मन्नाडे, मोतिम ठाकुर, रोजगार सहायक रानी पटेल, चपरासी राम नारायण दीवान, भेख लाल पटेल आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### रामेश्वर प्रसाद



**बगबुड़ा।** स्थानीय निवासी ग्राम बगबुड़ा के शिक्षक पूर्व प्रधान पाठक रामेश्वर प्रसाद गायकवाड़ 60 वर्ष का 25 नवम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम बगबुड़ा के मुक्तिधाम में किया गया। वे पुष्पेन्द्र गायकवाड़, वरेंद्र, रविरविन्द्र, इंद्रपाल के पिता थे ।